ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27,BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD,
KOLKATA-700019

FOR GOD AND COUNTRY

HINDI GRAMMAR(2nd term) **Class**:3 **Date:**30.11.20
Topic: अपठित गद्यांश **Answer Worksheet-** 21

गोपाल एक निर्धन बालक था |विद्यालय के बाद वह आइसक्रीम बेचा करता था |जो पैसे उसे मिलते , वह अपनी माँ को लाकर देता था | उसकी माँ उसे हमेशा ईमानदारी से जीवन निर्वाह करने की सीख देती थी |गोपाल माँ की बातें बहुत ध्यान से सुनता था | उसे अपनी मेहनत और माँ की बातों पर विश्वास था |गोपाल चाहता था कि वह पढ़ लिखकर बहुत बड़ा अफसर बने और अपने देश का गौरव बढ़ाए | गोपाल की बातें सुनकर उसकी दादी उसका माथा चूम लेती थी | कभी - कभी वह किसी लंबी चीज़ जैसे लकड़ी या चिमटे को कंधे पर रखकर इस प्रकार चलता था , मानो बंदूक को कंधे पर रखकर चला रहा हो |चलते - चलते वह देश - प्रेम के गीत गाता और नारे भी लगाता था |

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो :-

1) गोपाल विद्यालय के बाद क्या करता था ?
   उ) विद्यालय के बाद गोपाल आइसक्रीम बेचा करता था |
2) गोपाल की माँ उसे क्या सीख देती थी ?
   उ) गोपाल की माँ उसे ईमानदारी से जीवन निर्वाह करने की सीख देती थी |
3) गोपाल को किस पर विश्वास था ?
   उ) गोपाल को अपनी मेहनत और अपनी माँ की बातों पर विश्वास था |
4) गोपाल क्या बनाना चाहता था ?
   उ) गोपाल बड़ा होकर बहुत बड़ा अफसर बनकर देश का गौरव बढ़ाना चाहता था |
5) गोपाल की बातें सुनकर उसकी दादी क्या करती ?
   उ) गोपाल की बातें सुनकर उसकी दादी खुश होकर उसका माथा चूम लेती थी |
6) कभी - कभी गोपाल क्या करता था ?
   उ) कभी - कभी गोपाल लकड़ी या चिमटे को कंधे पर रखकर ऐसे चलता था , मानो बंदूक कंधे पर रखा हो |
7) चलते - चलते वह क्या करता था ?
   उ) चलते - चलते वह देश - प्रेम के गीत गाता और नारे भी लगाता था |
8) ' निर्धन ' शब्द का अर्थ बताओ |
   उ) निर्धन - जिसके पास धन न हो |

खाली जगह भरो :

9) विद्यालय के बाद वह <u>आइसक्रीम</u> बेचा करता था |

10) गोपाल माँ की बातें बहुत ध्यान से सुनता था |

11) विश्वास का विलोम बताओ |

विश्वास - <u>अविश्वास</u>

12) एक संज्ञा शब्द लिखो |

संज्ञा - देश

13) लकड़ी का बहुवचन लिखो |

लकड़ी - लकड़ियाँ

14)' गौरव ' से विशेषण बनाओ |

गौरव - गौरवमय

15) वाक्य बनाओ :- देश प्रेम

देश -प्रेम - हर आदमी के मन में <u>देश-प्रेम</u> की भावना होनी चाहिए |

Poonam Mehra